बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-210
24/04/2020

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की दी शुभकामनाएं

पटना, 24 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पंचायती राज दिवस पर राज्य के सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि पंचायती राज संस्थानों के माध्यम से लोगों की सेवा करने वाले सभी पंचायत प्रतिनिधि अपने पंचायतों के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में त्रिस्तरीय जनप्रतिनिधियों से अपील की है अपने–अपने पंचायतों में लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए जागरूक करें। आपकी कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किये जा रहे कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका है।

******